शुक्रवार
27 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




अखिलेश सिंह बोले... लालू के नेतृत्व में बीजेपी को भगाएगी कांग्रेस 2


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


## खबरें फटाफट

### कुपावड़ा जिले में पांच आतंकियों को भारतीय सुरक्षाबलों ने मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपावड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने एक बार फिर सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम किया है। सुरक्षाबलों ने पांच आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। अभी उग्रवादियों की पहचान की जा रही है। मौके पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सेना की चिनार कोर ने बताया कि कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास सेना और पुलिस ने एक विशेष सूचना पर संयुक्त अभियान चलाया। सीमा पार से हो रही घुसपैठ को विफल किया गया है। यहां सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। वहीं, कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा के मच्छिल सेक्टर में नियंत्रण रेख के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें अब तक पांच आतंकवादी मारे गए हैं। अभी ऑपरेशन चल रहा है।

### इजरायली सैनिकों ने गाजा में किया जमीनी हमला

**नई दिल्ली।** इजरायली सैनिकों और टैंकों ने बृहस्पतिवार को उत्तरी गाजा में घुसकर थोड़ी देर के लिए जमीनी हमला किया। सेना ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय के विनाशकारी हवाई हमलों के बाद एक व्यापक संभावित जमीनी आक्रमण के मद्देनजर युद्धक्षेत्र तैयार करने के लिए कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है जब संयुक्त राष्ट्र ने आगाह किया है कि गाजा पट्टी में ईंधन खत्म होने की कगार पर है जिससे उसे क्षेत्र में राहत प्रयास को रोकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इजरायल-फिलिस्तीन के बीच दशकों से चले आ रहे संघर्ष में गाजा मुख्य निशाना है। हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में 750 से अधिक लोगों की मौत हो गई जो एक दिन पहले मारे गए 704 लोगों की संख्या से अधिक है। इजरायली सेना ने कहा कि उसने केवल आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया है और उसने हमास पर घनी आबादी वाले गाजा में नागरिकों के बीच रहकर अभियान चलाने का आरोप लगाया।

## 28 को लगेगा साल का आखिरी चंद्रग्रहण, दोपहर 4:05 बजे से सूतक

- सूतक के दौरान बंद रहेंगे मंदिर, सभी तरह की पूजा-पाठ रहेगी वर्जित
- मध्य रात्रि 01:05 बजे से शुरू होगा ग्रहण, 2.24 बजे तक रहेगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

साल का आखिरी चंद्र ग्रहण शरद पूर्णिमा के दिन यानी 28 अक्टूबर लगेगा। भारत में ग्रहण की शुरूआत मध्य रात्रि 01:05 बजे से होगी, जो मध्य रात्रि 02:24 बजे तक रहेगा। चंद्र ग्रहण का सूतक ग्रहण शुरू होने से ठीक 9 घंटे पहले से शुरू हो जाता है और ग्रहण खत्म होने के साथ सूतक भी खत्म हो जाता है। चंद्र ग्रहण के समय दान-पुण्य करने का विशेष महत्व है। अगर इस दौरान राशि अनुसार दान किए जाएं तो कुंडली के कई दोषों का असर कम हो सकता है। चंद्रग्रहण



भारत में दिखाई देगा जिस कारण से इसका सूतक काल मान्य रहेगा। ज्योतिषाचार्य के अनुसार चंद्र ग्रहण का सूतक 28 अक्टूबर की दोपहर 4:05 मिनट से शुरू हो जाएगा। सूतक काल को अशुभ माना जाता है। वैज्ञानिक नजरिए से ग्रहण एक खगोलीय घटना मात्र है, लेकिन धार्मिक दृष्टि से ग्रहण की घटना को शुभ नहीं माना जाता है। सूतक के दौरान मंदिर बंद रहते हैं और सभी तरह की पूजा-पाठ वर्जित रहती है।

### ग्रहण का समय

| | |
|---|---|
| ग्रहण प्रारम्भ | : मध्य रात्रि 01:05 |
| ग्रहण मध्य | : मध्य रात्रि 01:44 |
| ग्रहण समाप्त | : मध्य रात्रि 02:24 |
| ग्रहण अवधि | : 01 घंटा 19 मिनट |

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि यह चंद्र ग्रहण अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में हो रहा है। अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में जन्मे व्यक्तियों के लिए विशेष अशुभ फलदाता और दुर्घटना का भय रहेगा। आश्विन मास में चंद्र ग्रहण होने से कहीं प्रकृति-प्रकोप, दुर्भिक्ष भय, भूकंप से जन-धन की हानि आशंका भी रहेगी। इसके साथ ही लोहा, क्रूड आयल व लाल रंग की वस्तुओं में तेजी आ सकती है। शासकों में मतभेद, डॉक्टर, वैद्य व व्यापारियों को कष्ट व पीड़ा बढ़ सकती है। चीन, ईरान, ईराक, अफगानिस्तान आदि देशों में अशांति, भय व भूकंप आदि की घटनाएं होने का अंदेशा रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल में किसी भी तरह का शुभ कार्य और पूजा-पाठ करने की मनाही होती है। ग्रहण के दौरान कई तरह की विशेष सावधानियां बरती जाती है। गर्भवती महिलाओं को ग्रहण नहीं देखना चाहिए, ग्रहण के बाद दान-पुण्य,स्नान और अपने इष्ट देव के मंत्रों का जाप करना चाहिए।

### पांच राशि वालों को फायदा

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब भी ग्रहण लगता है तो इसका शुभ और अशुभ दोनों ही तरह का प्रभाव सभी राशि के जातकों पर पड़ता है। इस चंद्रग्रहण से वृषभ, मिथुन, कन्या, धनु और मकर वालों को फायदा हो सकता है। इन राशि वालों के रूके हुए काम जल्द पूरे होंगे। मान-सम्मान में इजाफा होगा। अचानक से धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में उपलब्धियों की प्राप्ति होगी। नौकरीपेशा जातकों को नौकरी में प्रमोशन और वेतनवृद्धि के योग बनेंगे। पैतृक संपत्ति से लाभ की संभावना भी है।

### प्राकृतिक आपदा की आशंका

ज्योतिषाचार्य के अनुसार अक्टूबर नवंबर माह में अग्निकांड सड़क दुर्घटनाएं भूकंप प्राकृतिक आपदाएं होंगी। अक्टूबर-नवंबर माह में पूरे विश्व में ज्यादा हिंसा होगी और भारत के पश्चिमी हिस्से में हिंसा व अशांति होगी। ग्रहण की वजह से प्राकृतिक आपदाओं का ज्यादा प्रकोप देखने को मिलेगा। इसमें भूकंप, बाढ़, सुनामी, विमान दुर्घटनाएं, किसी बड़े गुनाहगार का देश में वापस आने का संकेत मिल रहे हैं। व्यापार में तेजी आएगी। बीमारियों में कमी आएगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पूरे विश्व में सीमा पर तनाव शुरू हो जायेगा।

## कर्नाटक में भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत



**चिक्कबाल्लापुर।** कर्नाटक के चिक्कबाल्लापुर में बृहस्पतिवार को सुबह एक एसयूवी ने सड़क पर खड़े एक टैंकर को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा सुबह करीब सात बजे चिक्कबाल्लापुर शहर के जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके में हुई। एसयूवी आंध्र प्रदेश में अनंतपुर से बेंगलुरु जा रही थी। तभी चालक ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर खड़े एक टैंकर में टक्कर मारी दी जिससे चार महिलाओं समेत 13 यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दुर्घटना में मारे गए लोग अनंतपुर जिले के रहने वाले थे। मृतकों में कार चालक भी शामिल है। हादसे की वजह का अभी पता नहीं चला है। ऐसा संदेह है कि कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से दुर्घटना हुई होगी लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक अनंतपुर के गोरंटला के रहने वाले थे और एक परिवार के नहीं थे।

**12 लोगों की मौके पर मौत:** पुलिस अधीक्षक डी एल नागेश ने बताया कि हादसे में 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल है जिसका एक नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। सभी लोग अनंतपुर से बेंगलुरु जा रहे थे इसी दौरान उनकी कार की सड़क पर खड़े एक टैंकर से टक्कर हो गई।

## पीएम ने महाराष्ट्र में कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# हर घर जल पहुंचाने में केंद्र ने 2 लाख करोड़ किए खर्च: मोदी

- पीएम बोले- साईं बाबा के आशीर्वाद से 7,500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन किया गया
- निलवंडे बांध का काम पूरा हो गया है, जिसका 5 दशकों से था इंतजार

**एजेंसी/मुंबई**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री और एनसीपी प्रमुख शरद पवार पर निशाना साधा। उन्होंने शरद पवार का नाम लिये बगैर कहा कि महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता केंद्र सरकार में कई वर्षों तक कृषि मंत्री रहे हैं, लेकिन उन्होंने किसान के लिए क्या किया? सात साल के अपने कार्यकाल में उन्होंने देशभर के किसानों से सिर्फ, साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का एमएसपी पर अनाज खरीदा, जबकि हमारी सरकार सात वर्षों में एमएसपी के रूप में इतने ही समय में साढ़े तेरह लाख करोड़ रुपये किसानों को दे चुकी है।

कहा कि 2014 से पहले दलहन और तिलहन की सिर्फ 500-600 करोड़ रुपये की खरीद एमएसपी पर होती थी जबकि हमारी सरकार एक लाख पंद्रह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा दलहन और तिलहन किसानों के बैंक खातों में दे चुकी है। जब वह कृषि मंत्री थे तब किसानों को अपने पैसे के लिए भी बिचौलियों के भरोसे रहना पड़ता था। महीनों-महीनों तक किसानों को पेमेंट नहीं होती थी। हमारी सरकार ने एमएसपी का पैसा डायरेक्ट



किसान के बैंक खाते में भेजने का प्रबंध किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि हर घर जल पहुंचाने के लिए 2 लाख करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। पीएम स्वनिधि योजना के तहत फुटपाथ पर रेहड़ी, ठेले लगाने वालों को हजारों रुपए की मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है, इससे सुथार, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार ऐसे लाखों परिवारों को पहली बार सरकार से मदद मिल रही है। इस योजना पर 13 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च किए जा रहे हैं। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि आज साईं बाबा के आशीर्वाद से 7,500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है. निलवंडे बांध का काम भी पूरा हो गया है, जिसका महाराष्ट्र 5 दशकों से इंतजार कर रहा था। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे यहां जल पूजन करने का अवसर मिला।



पीएम मोदी ने कहा, मेरे परिवारजनों, आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हमारे शेतकारी साथियों को बहुत लाभ होगा। गन्ना किसानों के हितों का भी हम पूरा ध्यान रख रहे हैं। गन्ने का मूल्य 315 रुपये प्रति क्विंटल किया जा चुका है। बीते 9 साल में करीब 70 हजार करोड़ रुपये का इथेनॉल खरीदा गया है। ये पैसा भी गन्ना किसानों तक पहुंचा है। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान हो, इसके लिए चीनी मिलों, सहकारी समितियों के लिए हजारों करोड़ रुपये की मदद दी गई है। जिस वक्त पीएम मोदी जनसभा को संबोधित कर रहे थे उस समय महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार भी मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम में शामिल होने से पहले पीएम मोदी ने शिरडी के साईबाबा समाधि मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की।


## कतर की कोर्ट ने भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को सुनाई मौत की सजा

- पिछले एक साल से कैद में थे सभी भारतीय
- भारत सरकार ने अदालत के फैसले पर जताया दुख, कहा देंगे चुनौती

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। कतर सरकार ने पिछले एक साल से इन भारतीयों को कैद में रख हुआ था। भारत सरकार ने कतर की अदालत के फैसले पर गहरा दुख जताया है। भारत ने कहा है कि वह इस फैसले को चुनौती देगा। यही नहीं भारत सरकार ने कहा है कि वह हर विकल्प पर विचार कर रही है। इससे पहले भारत ने कतर की सरकार से अपील की थी कि वह भारत के पूर्व नौसैनिकों पर दया दिखाए और उन्हें छोड़ दे। कतर का दावा है कि ये भारतीय इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे।

भारत सरकार अब इन पूर्व नौसैनिकों की रिहाई के लिए कानूनी कदम उठा रही है। ये पूर्व भारतीय नौसैनिक एक समय में भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर काम कर चुके हैं। ये अभी दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम कर रहे थे। यह एक प्राइवेट कंपनी है जो कतर की सेना को ट्रेनिंग देने का काम करती है। उनकी दया याचिका को अब तक कई बार खारिज किया गया था। कतर के अधिकारियों ने भारत की अपील को खारिज करते हुए उनके हिरासत को भी खारिज कर दिया था। भारत ने कहा कि हम इस मामले को बहुत महत्व देते हैं और करीबी नजर बनाए हुए हैं। हम सभी तरह की काउंसलर और कानूनी सहायता मुहैया कराते रहेंगे। हम इस पूरे मामले को कतर की सरकार से उठाते रहेंगे।



## योगी आदित्यनाथ ने बागपत में 351 करोड़ की 311 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

# जनता वैदिक कॉलेज को बनाएंगे विश्वविद्यालय: सीएम

- मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टैबलेट, स्मार्ट फोन और प्रमाण पत्र का किया वितरण

**केटी न्यूज/बागपत**

उत्तर प्रदेश सुरक्षा और समृद्धि के नये युग में प्रवेश कर चुका है। यहां हर बहन सुरक्षित है, हर व्यापारी उत्पीड़न से मुक्त है। बिना भेदभाव के विकास की योजनाओं का लाभ हर तबके को दिया जा रहा है। आज कोई किसी किसान की जमीन पर जबरन कब्जा नहीं कर सकता है, कोई किसी युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता, जो ऐसा करने की कोशिश भी करता है उसे सूद समेत अपने किये की कीमत चुकानी पड़ती है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत में ?351 करोड़ की 311 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने जनता वैदिक कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने की बात कहते हुए जल्द से जल्द इसका प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बागपत विकास की नई ऊंचाई को छूने के लिए उतावला दिखाई दे रहा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने




भारत के विकास की अधारशिला भारत के गांव को बताया था और 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम पद की शपथ लेने के साथ ही विकास की धुरी गांव, गरीब, युवा और महिलाओं को बनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया। आज उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि बिना भेदभाव के विकास की योजनाएं चल रही हैं। डबल इंजन की सरकार ने चौधरी साहब को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है।

सीएम योगी ने कहा कि 20-25 साल तक यहां के नौजवानों के साथ भेदभाव होता था। मगर डबल इंजन सरकार में भेदभाव किसी के साथ नहीं होता, विकास की योजना भी प्रभावी ढंग से लागू होती है और अराजकता और गुंडागर्दी फैलाने की छूट किसी को नहीं मिलती। सीएम ने कहा कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बागपत के युवा ऊर्जा से भरपूर हैं। इनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ देश और प्रदेश के विकास में दिखाई देता है, इसलिए युवा को अवसर मिलना चाहिए।

**जल्द बागपत चीनी मिल का एक्सपेंशन करेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छपरौली चीनी मिल का उद्धार करके चौधरी चरण सिंह साहब को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है। जल्द ही बागपत चीनी मिल का एक्सपेंशन भी करेंगे। सीएम ने बताया कि 2017 में जब उन्होंने सत्ता संभाली थी तब 2010 से गन्ना किसानों को गन्ने के मूल्यों का भुगतान नहीं हुआ था। आज हर साल गन्ना के मूल्य का भुगतान हो रहा है। सीएम ने आश्वस्त किया कि गन्ना मूल्य का भुगतान हर हाल में होगा।

### विकास के नये द्वार खोलेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे

सीएम योगी ने कहा कि पहले कभी कोई सोचता भी नहीं था कि यहां हाईवे बनेगा। आज यहां दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे हाईवे बन रहा है। ये हाईवे इस पूरे क्षेत्र में विकास लेकर आएगा, रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। युवाओं का पलायन रुकेगा। बागपत में जल्द मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भी होगा। यहां के युवाओं को आधुनिक विषयों को पढ़ने का अवसर मिलेगा।

**छात्राओं को बांटे टैबलेट और स्मार्टफोन:** मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। वहीं उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से बच्चों का अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार वितरित किया। साथ ही साथ मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टैबलेट, स्मार्ट फोन और प्रमाण पत्र का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पॉली और पैक हाउस का लाभ प्राप्त करने वालों को प्रमाणपत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपया का चेक वितरित किया। सीएम ने छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन दिया।

## बिहार कांग्रेस ने मनाई डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 136वीं जयंती, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह बोले...

# लालू के नेतृत्व में बीजेपी को भगाएगी कांग्रेस

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद
- अखिलेश सिंह ने कहा कि लालू यादव में इतनी शक्ति है कि मोदी को सत्ता से हटा सकते हैं

**केटी न्यूज/पटना**

सदाकत आश्रम स्थित कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 136वीं जयंती मनाई गई। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में शकील खान, मदन मोहन झा सहित कई दिग्गज शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि यदि बिहार में कांग्रेस को लालू प्रसाद यादव का साथ मिला तो कांग्रेस बीजेपी को सत्ता से भगाएगी। लालू यादव के कारण ही अब अगले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का बिहार में खाता नहीं खुलेगा। लालू यादव के नेतृत्व में कांग्रेस बीजेपी को बिहार से भगाएगी।



### पटना के गांधी मैदान में हमलोग करेंगे भारी रैली: लालू

इस मौके पर लालू प्रसाद यादव ने कहा कि आज देश संकट से गुजर रहा है। देश में सांप्रदायिक ताकतें आंख फाड़ के खड़ी हैं। संविधान के ऊपर संकट पैदा कर रहे हैं। इसलिए हमलोग विभिन्न दलों में बंटे हुए लोग इकट्ठा हुए और इंडिया गठबंधन बना। पटना की एतिहासिक जगह से बैठक कर कर्नाटक से लेकर मुंबई तक मीटिंग हुई और आज देश के 23 दल हम लोग तैयारी कर रहे हैं। लालू ने कहा कि ये लोग पूछते हैं नेता कौन होगा। नेता हमलोग चुन लेंगे आसानी से उसमें कहीं कठिनाई दिक्कत नहीं होगी। पटना के एतिहासिक गांधी मैदान में हमलोग भारी रैली करने वाले हैं। भाजपा हटाओ देश बचाओ। यहां से हवा देश भर में फैलेगी और नरेंद्र मोदी, अमित शाह और आरएसएस का सूपड़ा साफ होगा। ये जा रहे हैं इसलिए छटपटा रहे हैं। छापा, छापा मारते रहते हैं। मुकदमा-मुकदमा और कोई काम नहीं है। कुछ प्राप्त नहीं होने वाला है।



### बीजेपी ने लोगों को ठगा

आरजेडी सुप्रीमो ने कहा कि जिन राज्यों में अभी विधानसभा चुनाव होने वाला है वहां हर जगह से सूपड़ा साफ हो जाएगा। ये लोग कहीं नहीं हैं। देश को धोखा देकर आए थे। गलत प्रचार करके आए थे कि देश का पैसा विदेश में जमा है। वहां से लाएंगे और सबके खाते में 15-15 लाख रुपया देंगे। अब कहते हैं कि वहां खाते में पैसा ही नहीं है। इतना बड़ा धोखा देशवासियों को दिया इसलिए धूल चटा देना है।

### लालू को बीजेपी ने साजिश के तहत जेल भिजवाया

अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि लालू यादव में इतनी शक्ति है कि मोदी को सत्ता से हटा सकते हैं। लालू यादव आगे आगे चलें, कांग्रेस के पूरे कार्यकर्ता साथ हैं। लालू यादव पर एजेंसियों की कारवाई पर उन्होंने कहा कि जब जब चुनाव आता है ईडी और सीबीआई एक्शन में आ जाती है। लालू प्रसाद यादव को बीजेपी ने साजिश के तहत जेल भिजवाया, लेकिन अब बिहार में कांग्रेस और आरजेडी के एक साथ रहने से 'इंडिया' गठबंधन की भारी जीत होगी। कांग्रेस नेता ने श्रीकृष्ण बाबू को आधुनिक बिहार का शिल्पकार करार दिया। उन्होंने कहा कि श्री बाबू के समय बिहार में देश का 27 प्रतिशत चीनी उत्पादन होता था। उन्होंने उस जमींदारी उन्मूलन एक्ट को लागू किया, जिसमें अधिकतर जमींदार भूमिहार थे। श्रीबाबू के समय ही देवघर मंदिर में दलितों का प्रवेश हुआ। इस मौके पर कांग्रेस की ओर से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को सोने का मुकुट भेंट किया गया।

## युवक ने पहले बेटे को फंदे पर लटकाया, फिर कर ली आत्महत्या

**केटी न्यूज/पटना**

बेतिया में पत्नी के साथ विवाद में एक युवक ने पहले अपने बेटे को फंदे पर लटका दिया, फिर खुद भी आत्महत्या कर ली। घटना लौरिया थाना क्षेत्र के कंधवलिया गांव की है। बताया जा रहा है कि पत्नी से तलाक का विवाद चल रहा था। पारिवारिक कलह के युवक परेशान था। इधर, घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

मरने वाले की पहचान अजीमुल्लाह (33) तथा उसके पांच वर्षीय पुत्र अयान के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि अजीमुल्ला गांव के चौक पर किराना दुकान चलाता था। उसे दो बेटी और एक बेटा है। पति-पत्नी के बीच विवाद में उसकी पत्नी करीब डेढ़ माह से अपने मायके में रह रही है। विवाद को लेकर दोनो के बीच तलाक देने का बात सामने आया था। इस वजह तीनों बच्चों को पालने और अपना व्यवसाय करने में भी अजीमुल्ला परेशान रहता था। इससे तंग आकर उसने बुधवार की शाम मकान के ऊपरी मंजिल पर एक कमरे में पहले अपने बेटे को फंदे से लटकाया। फिर खुद फंदे से लटक कर जान दे दी।

इसके पहले वीडियो कॉल कर उसने अपनी पत्नी को यह बता दिया था कि बेटे को फंदे से लटकाने जा रहा हूं। इसके बाद मै भी फंदे से लटक कर जान दे दूंगा। इस तरह कुछ ही पल में दोनों की जान चली गई। इधर घटना की सूचना पर मृत अजीमुल्ला की पत्नी हरीरा अपने भाई तौसीफ के साथ दौडी भागी ससुराल पहुंची। फिर पति और बेटे का शव फंदे से उतरा गया। इसी बीच घटना की सूचना किसी ग्रामीण ने पुलिस को दी। वहीं पुलिस ने दोनों की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

## एमपी विस चुनाव में जदयू ने फिर जारी किए पांच उम्मीदवारों के नाम

**केटी न्यूज/पटना**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है। सभी पार्टियों की ओर से उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जा रही है। इसी क्रम में जेडीयू की ओर से अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमें 5 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार उतारे गए हैं। नरयावली, गोटेगांव, बहोरीबंद, जबलपुर उत्तर, बालाघाट विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की गई है। जानकारी के मुताबिक जेडीयू ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें टिकट दिया है, उनमें नरयावली सीट से सीताराम



अहिरवार, गोटेगांव से प्रमोद कुमार मेहरा शामिल हैं। उसके अलावा बहोरीबंद सीट से पंकज मौर्या, जबलपुर उत्तर सीट से संजय जैन और बालाघाट सीट से विजय कुमार पटले को टिकट दिया है। उधर, जेडीयू की लिस्ट जारी होते ही सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है कि 'इंडिया' गठबंधन और नीतीश कुमार में तालमेल का अभाव दिखने लगा है।

## तेजस्वी ने जापान के लोगों को बिहार आने का दिया न्योता

- तेजस्वी यादव ने जापान की राजधानी टोक्यो में इन्क्रेडिबल इंडिया द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के उप मुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री तेजस्वी यादव इन दिनों जापान के दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि जिन ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए राजकुमार सिद्धार्थ चले, ध्यान किया और बुद्धत्व का ज्ञान प्राप्त किया, उस बिहार में आप सभी का स्वागत है। जिस धरती पर दुनिया के महान तीर्थयात्रियों को इतिहास का खजाना मिला, जिस भूमि पर सभ्यता और संस्कृति अपनी गहरी जड़ें शताब्दियों पूर्व ही जमा चुकी थी, उस संस्कृति से रूबरू होने



की चाह रखने वाले दुनिया भर के पर्यटकों का बिहार में स्वागत है।

तेजस्वी जापान की राजधानी टोक्यो में इन्क्रेडिबल इंडिया द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उपमुख्यमंत्री ने इस बेहतरीन कार्यक्रम के आयोजन के लिए जापान एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स (जेएटीए) 2023 के आयोजकों और भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय को भी धन्यवाद दिया। उपमुख्यमंत्री द्वारा गुरुवार को जापान के जाटा ट्रैवल शो में इन्क्रेडिबल इंडिया और बिहार पवेलियन की संयुक्त रूप से शुरूआत भी की गयी, जहां अगले चार दिनों तक बिहार के पर्यटन स्थलों की अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग होगी।

कार्यक्रम में तेजस्वी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। बिहार कई धर्मों की जन्मस्थली और आध्यात्मिक जागृति की भूमि है। उन्होंने कहा कि बिहार में बौद्ध सर्किट को दो प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है। गंगा नदी के दक्षिण में हमारे पास बोधगया, राजगीर और नालंदा हैं जबकि गंगा नदी के उत्तर में हमारे पास वैशाली, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण हैं। उन्होंने कहा कि इन बौद्ध स्थलों में से बोधगया उन सभी बौद्धों के लिए बहुत महत्व रखता है जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थली महाबोधि मंदिर की यात्रा करते हैं। एक दूसरी यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थली नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों को भी देखना आप सबके लिए एक कभी नहीं भूलने वाला अनुभव होगा।

## सीएम नीतीश कुमार ने की जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'नेक संवाद' में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के अद्यतन कार्यों एवं प्रस्तावित नई कार्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अभियंता प्रमुख (सिंचाई) ईश्वर चन्द्र ठाकुर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नहर उन्नयन कार्य की जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय पार्ट-2 के अन्तर्गत हर खेत तक सिंचाई पहुंचाने के कार्य में तेजी लायें। किसानों को सिंचाई का प्रबंध होने से उन्हें कृषि कार्य में काफी सहूलियत होगी। चतुर्थ कृषि रोड मैप में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के विकास के लिये विस्तृत योजना बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि नदी तटबंधों पर हरित आवरण को बढ़ावा दें। वहां सोलर प्लेट लगायें ताकि सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिले। ऐसी व्यवस्था करें कि नहरों में पूर्ण क्षमता के साथ जलस्त्राव हो ताकि अंतिम छोर तक पानी पहुंचे एवं सिंचित क्षेत्र में बढ़ोतरी हो। जो भी प्रस्तावित नई कार्य योजनाओं की जानकारी दी गयी है, उसका स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है। जल संचयन क्षेत्र में वृद्धि के लिये जो योजना बनायी गयी है, उस पर भी तेजी से काम करें। पहाड़ी के तलहट्टी क्षेत्रों में भी जल संचयन क्षेत्र को विकसित करें।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

## खबरें फटाफट

### सब्जी दुकान से शराब बरामद, दुकानदार गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने पुराना भोजपुर चौराहे पर गोभी की आड़ में शराब बेच रहे एक सब्जी दुकानदार को पकड़ा है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो कपड़े में छिपाकर रखे गये एक बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकानदार को मद्य निषेध कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी पुराना भोजपुर का रहने वाला मदील चौधरी के पुत्र नमी चौधरी बताया है। पुलिस पकड़े गये आरोपी से कड़ी पूछताछ कर जेल भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष नवनीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सब्जी दुकान की आड़ में शराब बेच रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम वहां पहुंची तो पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, जिसे पुलिस ने धर दबोचा और तलाशी के दौरान एक बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पुलिस मामले को दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

### सदर अस्पताल से बाइक चुराते कुख्यात चोर गिरफ्तार

**बक्सर।** बक्सर सदर अस्पताल परिसर से बाइक चुराते एक चोर को अस्पतालकर्मियों तथा मरीजों के परिजनों ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद उसे स्थानीय पुलिस को सौंपा गया। पुलिस ने उसकी पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव निवासी सूरज गुप्ता के रूप में की। जानकारी अनुसार वह कुख्यात चोर है तथा इसके पहले एक बार बक्सर व एक बार कैमूर जिलें में हाजत से भाग चुका है। उस पर बाइक चोरी समेत कई अन्य गंभीर मामले दर्ज है। वही उसके दो साथी मौके का फायदा उठा भागने में सफल रहे। नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि उससे पूछताछ के आधार पर फरार चोरों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बता दें कि हाल के दिनों में सदर अस्पताल सहित शहर के कई हिस्सों से बाइक चोरी की घटनाएं हो चुकी है। बाइक चोर के पकड़ाने के बाद उम्मीद की जा रही है कि पुलिस किसी बड़े गिरोह के उद्भेदन में सफल होगी।

### ट्रेन की चपेट में आ युवक की मौत

**चौसा।** कमरपुर हाल्ट के पास गुरूवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान स्थानीय गांव के विकास कुमार पिता मनोज गोंड के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार वह मानसिक रूप से कमजोर था। हालांकि वह कैसे ट्रेन की चपेट में आया इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। रेल पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वही इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# निलंबित की गईं प्राथमिक विद्यालय दीयां परमेश्वर मठिया की दोनों शिक्षिकाएं

- उप निदेशक व डीपीओ की जांच में मिली थी अनियमितताएं, अब बर्खास्तगी की लटकी तलवार
- निलंबन अवधि में सिमरी बीआरसी में ड्यूटि करने का निर्देश




**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्राथमिक विद्यालय दीयां परमेश्वर मठिया की प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी व सहायक शिक्षिका शोभा कुमारी को डीईओ के निर्देश पर नियोजन इकाई ने निलंबित कर दिया है। प्रखंड नियोजन इकाई सिमरी द्वारा दोनों शिक्षिकाओं को निलंबित करने के साथ ही सिमरी निलंबन अवधि में सिमरी बीआरसी में ड्यूटि करने का निर्देश दिया है जबकि उनके जगह उक्त विद्यालय में मध्य विद्यालय दीयां परमेश्वर के शिक्षकों सरोज कुमार व रविन्द्र कुमार को उक्त विद्यालय में तैनात किया गया है। बता दें कि 14 अक्टूबर को शिक्षा विभाग के उपनिदेशक अमर भूषण ने निरीक्षण किया था। तब शिक्षिका शोभा कुमारी गायब थी। उनके सीएल के आवेदन पर दिनांक अंकित नहीं था कि वह वे कब से कब तक सीएल पर रहेंगी, जबकि प्रधानाध्यापिका ने उसे स्वीकृत भी कर दिया।

वहीं उप निदेशक के निर्देश पर अगले कार्यदिवस 16 अक्टूबर को स्थापना डीपीओ शारिक अशरफ उक्त विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे तो सुबह के पौन दस बजे तक विद्यालय में ताला बंद था। इस दौरान छात्रों की उपस्थिति भी शून्य थी। समीक्षा के क्रम में इसकी जानकारी मिलते ही विभाग के अपर सचिव केके पाठक ने इसे गंभीर अपराध बताते हुए तत्काल दोनों शिक्षिकाओं को बर्खास्त करने का फरमान सुनाया। उनके निर्देश पर ही डीईओ द्वारा पहले दोनों से स्पष्टीकरण पूछा गया तथा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर नियोजन इकाई को दोनों को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी के निर्देश पर नियोजन इकाई ने तत्काल दोनों शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया है। वही अब उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। विभाग के इस कार्रवाई के बाद स्कूल छोड़ फरार रहने वाले शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। विभागीय जानकारों का कहना है कि दोनों शिक्षिकाओं को जिले के एक बड़े शिक्षा मॉफिया का संरक्षण प्राप्त था। जिस कारण विभाग के स्थानीय अधिकारी उक्त स्कूल का निरीक्षण करने तक नहीं जाते थे। यही कारण है कि उप निदेशक के निरीक्षण के पहले उक्त विद्यालय का निरीक्षण नहीं हुआ था। इस पर भी अपर सचिव ने संज्ञान लेते हुए डीईओ से कारणपृच्छा की है।

## हादसा: कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोपवां गांव के पास की घटना

# तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर चालक की मौत, शिक्षिका का हाथ टूटा

- घटना के बाद गुस्साए लोगों ने एनएच 120 को कोपवां के पास कर दिया था जाम
- डुमरांव बीडीओ, सीओ व कोरान सराय थानाध्यक्ष ने लोगों को समझा बुझाकर हटवाया जाम





**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरूवार की सुबह कोरानसराय थाना क्षेत्र के डुमरांव-बिक्रमपथ पर कोपवां गांव के समीप एक ऑटो में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें मौके पर ही ऑटो चालक की मौत हो गई। जबकि ऑटो में सवार एक शिक्षिका के हाथ में चोट आई है। जिन्हें डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। इधर इस घटना के विरोध में लोगों ने एनएच 120 को कोपवां के पास जाम कर दिया था। जिसकी सूचना मिलते ही डुमरांव बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, सीओ अंकिता सिंह तथा कोरान सराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सदल बल पहुंचे तथा लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया।

इस दौरान सीओ ने तत्काल मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री पारिवारिक अनुदान योजना के तहत 20 हजार रूपए का चेक दिया। जबकि आपदा राहत योजना का लाभ भी शीघ्र दिलवाने का आश्वासन दिया गया। सीओ ने कहा कि वे तत्काल इसकी अनुशंसा करेंगी। तब जाकर लोगों ने जाम हटाया तथा पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों के अनुसार ऑटों चालक डुमरांव से कोरानसराय आ रहा था। जबकि ट्रक तेज गति से कोरानसराय से डुमरांव की तरफ आ रहा था। उसी दौरान ट्रक चालक ने ऑटों में टक्कर मार दी। जिसमें चालक वाहन से बाहर गिर गया। जिसे रौंदते हुए ट्रक पार हो गया। मृत ऑटों चालक की पहचान कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी भरत शर्मा 25 पिता रामकृष्ण शर्मा के रूप में हुई है। मृतक चार भाई में तीसरे नम्बर है। वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार है। वहीं नोनियोडेरा के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना में डुमरांव कि एक शिक्षा नीलू कुमारी पति लालू के बाह में काफी चोटें आई है। वह नावानगर प्रखंड के मध्य विद्यालय डीहूपुर में बतौर शिक्षिका कार्यरत है। घटना के बाद से पुलिस ट्रक चालक का पता लगाने में जुट गई है।



### तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर

**वही** दूसरी तरफ डुमरांव नोनियाडेरा के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में लोगों द्वारा उसे अस्पताल लेकर पहुंचा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जख्मी व्यक्ति की पहचान डुमरांव थाना क्षेत्र के सम्हार गांव निवासी अनिल महतो के रूप में हुई। वह आलू का कारोबारी था और डुमरांव के कोल्ड स्टोर से आलू निकलवाकर घर जा रहा था। वह जैसे ही कोल्ड स्टोर के गेट पर पहुंचा, तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दिया। इसके बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। हालांकि नोनियाडेरा के समीप कार का टायर फटने से वह कार को बीच रास्ते में ही छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि जख्मी को प्राथमिक उपचार के लिए डुमरांव भेजा गया।



## मांगों के समर्थन में रसोईयां फ्रंट ने निकाला मार्च

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर के किला मैदान में गुरुवार को राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया फ्रन्ट ने अपने मांगों के समर्थन में छोलनी व छनौटा के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल के नेतृत्व में मांगों को लेकर विशाल धरना एवं प्रदर्शन का आयोजन होमगार्ड कार्यालय परिसर मैदान में किया गया। जिसका संचालन जिला सचिव जगन पाण्डेय ने किया।

धरना में प्रधानमंत्री पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के अन्तर्गत प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में कार्य कर रही काफी संख्या में रसोईयां शामिल रही। एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन के दौरान जिलेभर की रसोईया किला मैदान में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत हाथों में छोलनी, छनवटा, कलछुल व खाना बनाने वाले अन्य बर्तन लेकर पहुंची। उन्होंने 1650 में दम नहीं दस हजार से कम नहीं का नारा लगाया। जुलुस निकालकर ज्योति प्रकाश चौक एवं अबंडकर चौके होते हुए होमगॉर्ड कार्यालय परिसर पहुंच धरना दिया गया। इस दौरान रसोइयो में आक्रोश और शासन-प्रशासन के प्रति काफी गुस्सा था। संगठन के संस्थापक सह राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रधानमंत्री पोषण योजना में कार्यरत रसोइयों की स्थिती वर्तमान समय में दयनीय हो गई है। बढ़ती हुई भीषण महंगाई में जीवन चलाना मुश्किल हो गया है। विद्यालयों में रसोईयों के साथ बंधुआ मजदूरों जैसा व्यवहार किया जाता है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि गरीब रसोंईयों की बातो को अनसुनी करना सरकार को महंगा पड़ेगा। उन्होंने बताया 2 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रसोईया अपने-अपने बीआरसी की घेराव करेंगी। जबकि 7 एवं 8 नवम्बर को पटना गर्दनीबाग में मुख्यमंत्री का घेराव करेंगी।

## एक नजर

### नियाजीपुर में महावीर पूजा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



सिमरी। गुरूवार को प्रखंड के नियाजीपुर गांव स्थित रामलखन पाठक के बागीचा में महावीर पूजा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। जिसके तहत पहले दिन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 100 मीटर जूनियर व सीनीयर दौड़ के अलावे 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर, तीन व पांच हजार मीटर के साथ लड़कियों के लिए 800 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया था। सभी विधाओं में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को आयोजन समिति की तरफ से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का समापन शनिवार को किया जाएगा। कार्यक्रम किशुन पाठक की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पाठक, पारसनाथ पाठक, ब्रिजेन्द्र पाठक, साधु पाठक, विन्ध्याचल साह, नूतन पाठक, टुनटुन पाठक समेत कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता के आयोजन से आस पास के क्षेत्र के युवाओं का उत्साह बढ़ गया है।

### घुड़दौड़ में मोतीहारी के घोड़ों का रहा जलवा, पहले दो स्थानों पर जमाया कब्जा



**सिमरी।** नियाजीपुर स्थित जयनाथ महर्षि उपमन्यु प्लस टू विद्यालय में गुरूवार को तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन घुड़दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें मोतीहारी के घोड़ो ने पहले दो स्थानों पर कब्जा जमाया जबकि तीसरे स्थान पर बिहार केशरी विवेका पहलवान के घोड़े ने बाजी मारी। प्रतियोजित में यूपी, बिहार, झारखंड के अलावे अन्य प्रदेशों के कुल 70 घोड़े रेश में शामिल हुए थे। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले घुड़सवार को ट्राफी दी गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार केसरी विवेक पहलवान ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता राज्य के हर जिले व गांवों में होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि सुभाष राय ने इस आयोजन के लिए आयोजन समिति को साधुवाद दिया। मौके पर अजय सिंह महावीर पूजा समिति के अध्यक्ष इकराम पाठक, सचिव उमाशंकर पाठक, रवि शंकर पाठक, अभय पाठक, मनोज पाठक, मारकंडे पाठक, हरेंद्र पाठक, संजय पाठक सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### कैलाश बजाज में लॉन्च हुआ पल्सर एन 150, आसान किश्तों में भी उपलब्ध



**बक्सर।** सेंडीगेट रोड स्थित कैलाश बजाज शोरूम में बजाज ऑटो के सौजन्य से बक्सर एसडीएम धीरेन्द्र मिश्र और बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर ब्रांच मैनेजर दिग्विजय, राजीव और रोहित मैनेजर के द्वारा पल्सर 150 लॉन्च किया गया। इस नवरात्रि के अवसर पर पल्सर 125 सीसी पर तीन हजार रूपए तक का बम्फर डिस्काउंट किया गया है। पल्सर 150 एन बाइक में 150 सीसी का रिफाइंड और स्मूथ इंजन है जो 14.5 पीएस का अधिकतम पावर और 13.5 एमएम का टॉर्क प्रदान करता है। इस बाइक में अंधेरे को चिरनेवाला प्रोजेक्टर हेड लाइट, आरामदायक राइडिंग के लिए मोनोशॉक सस्पेंशन और लंबा सिंगल सीट, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट, अंडर बेली एग्जास्ट है। स्पोर्ट्स बाइक होने के बाबजूद इसमें लेडीज फूट रेस्ट और किक स्टार्ट की सुविधा है। इसके डिजिटल मीटर में माइलेज, गियर इंडिकेटर और टाइम भी दिखता है। सटीक ब्रेकिंग के लिए सिंगल चैनल एबीएस सिस्टम है। ये तीन आकर्षक रंगों - रेसिंग रेड, एबोनी ब्लैक और व्हाइट कलर में उपलब्ध है। यह बाइक मात्र 3999 के डाउन पेमेंट पे उपलब्ध है। इस त्यौहार कैलाश बजाज 999 में सीटी, 1999 में प्लेटिना और 2999 के डाउन पेमेंट में पल्सर 125 सीसी दे रही है। यहां शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर फाइनेंस और एक्सचेंज की सुविधा उपलब्ध हैं। साथ में 3000 तक का पेट्रोल वाउचर व 3000 का पेट्रोल फ्री दिया जा रहा है। साइकिल के प्राइस से भी कम दाम पर 999 लाये और गाड़ी ले जाये। फाइनेंस उपलब्ध है। इस मौके पर कैलाश ऑटो के प्रबंधक अमित कुमार, सुजीत कुमार साथ में रतन कुमार, राजू सिंह, विकाश राय, धनंजय मिश्र एवं सभी स्टाफ मौजूद रहे।

## केसठ में संपन्न हुआ रबी महोत्सव, किसानों को दी गई कम लागत में बेहतर पैदावार की जानकारी

# कृषि की नई तकनीक अपना दुगना मुनाफा कमा सकते हैं किसान

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में गुरुवार को रबी महोत्सव सह कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को कम लागत में अधिक उपज के गुर सिखाए गए। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) व कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कृषि महोत्सव प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार के अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन बीएचओ शशि भूषण सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन आत्मा अध्यक्ष सतेन्द्र दुबे, पूर्व भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक हरिगोविंद सिंह ने उपस्थित किसानों को प्रशिक्षण देते हुए नई नई तकनीक को अपना कर जैविक आधारित खेती करने की बात कही। उन्होंने खेत बचाने की अपील किसानों से की।

कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को बंजर हो रही जमीन को बचान के लिए रसायनिक खादों के जगह जैविक उर्वरकों के प्रयोग की नसीहत दी और बताया कि किसान खेती के नई तकनीकों को अपना कर कम लागत में दुगना मुनाफा कमा सकते है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राज शेखर सिंह ने महोत्सव में उपस्थित किसानों को जीरो टिलेज, श्री विधि से गेहूं की खेती करने पर बल देते हुए इस विधि से कम लागत में अधिक उपज की बात बताई। उन्होंने जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए जैविक खाद के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसान जीरो टिलेज से खेतों की बुआई कर समय और



श्रम दोनों बचा सकते है। वही इससे पानी की खपत भी कम होती है।

वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर मिलने वाले सब्सिडी की जानकारी दी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किसानों को कृषि यंत्र खरीदने के लिए प्रेरित किया तथा अलग अलग मशीनों पर मिलने वाले सब्सिडी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में किसान सलाहकार अमरेंद्र कुमार, रितेश कुमार, विजय कुमार, बीरबल यादव, रामजी यादव, गुड्डु सिंह, मदन गोप, रजनीश कुमार सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

### कौवलेश्वर बाबा मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य शुरू

**केसठ।** प्रखंड के पुराना बाजार स्थित कांव नदी के समीप स्थित कौवलेश्वर बाबा मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किया गया। पुराने मंदिर की जगह पर नए मंदिर के निर्माण के लिए विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराया गया। मोहन मिश्र एवं गुलशन दुबे ने आयोजित धार्मिक अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराया। मंदिर निर्माण कार्य यशवंत चौरसिया के नेतृत्व में शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि लाखों रुपए की लागत से भव्य और आकर्षक मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। ग्रामीण नरेंद्र प्रताप पांडेय ने बताया कि 1902 में स्थापित मंदिर के जीर्णोद्धार में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। विदित हो कि कौवलेश्वर बाबा का मंदिर मनोवांछित फल देने वाले बाबा के रूप में विख्यात है।

# रामलीला... राजा हरिश्चंद्र की सत्यता पर अडिग देख प्रकट हुए सभी देवता



**केटी न्यूज/बक्सर**

शहर के किला मैदान के रामलीला मंच पर रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे 21 दिवसीय श्री विजयादशमी महोत्सव अब अपने समापन की तरफ बढ़ गया है। गुरूवार को उन्नीसवें दिन राजा हरिश्चन्द्र के सत्यनिष्ठा तथा उसकी परीक्षा का बड़ा ही मार्मिक मंचन किया गया। प्रसंग के दौरान दिखाया गया कि अयोध्या के सूर्यवंशी राजा हरिश्चंद्र सत्य का पालन करते हैं।

जिनके प्रभाव से इंद्र का सिंहासन हिलने लगता है। राजा हरिश्चंद्र के सत्य को डिगाने के लिए महर्षि विश्वामित्र को भेजा जाता है। जहां विश्वामित्र नाना

### समापन की तरफ बढ़ा रामलीला, राजा हरिश्चंद्र के सत्य की परीक्षा का हुआ मंचन

प्रकार से राजा हरिश्चंद्र के सत्य को हिलाने की कोशिश करते हैं। विश्वामित्र छल से उनका राज्य हर लेते हैं तथा काशी में ले जाकर उनको कल्लू डोम के हाथों बेच देते हैं। उनकी पत्नी तारा भी बिक जाती है।

राजा हरिश्चंद्र डोम की सेवा करने लगते हैं, फिर भी उनका सत्य नहीं डिग पाता है। आगे चलकर उनके बेटे रोहित को काला सर्प काट लेता है, जिसके संस्कारों के लिए उनकी पत्नी तारा अपने बेटे का शव लेकर श्मशान घाट (मरघट) पर पहुंचती है। जहां राजा श्मशान भूमि पर मरघट की मयार्दा को रखते हुए अपनी पत्नी तारा से पुत्र रोहित के संस्कार के लिए घाट की परंपरा के अनुसार कर (टैक्स) की मांग करते हैं। रानी तारा कर देने में असमर्थ हो जाती है, परंतु राजा अपना हक छोड़ने को तैयार नहीं होते। तारा कर देने के लिए भिक्षा मांगती है और अपने साड़ी को फाड़ कर कफन का दान देती है। यह देखकर विश्वामित्र सहित सभी देवता गण हरिश्चंद्र के पास प्रकट होते हैं और उनके सत्य और कर्तव्यनिष्ठा से प्रसन्न होकर पुष्पों की वर्षा करते हैं। इस दृश्य को देख दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत करते हैं।

## एक नजर

### पुलिस टीम पर हमला सहित कई कांडों में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**मखदुमपुर।** टेहटा ओपी की पुलिस ने अंचलाधिकारी एवं पुलिस टीम पर हमला सहित कई कांडों में फरार चल रहे आरोपी सुभाष पासवान उर्फ सुगा पासवान पिता शिवबल्लम पासवान ग्राम कुर्था डीह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि सुभाष पासवान के विरुद्ध कई मामले टेहटा ओपी में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि सन 2016 में तत्कालीन डीएसपी की कुर्था बाजार में सरकारी गाड़ी जलाने एवं पुलिस बलों पर जानलेवा हमला करने सन 2022 में अतिक्रमण हटाने गए अंचलाधिकारी मखदुमपुर सहित पुलिस टीम पर हमला करने एवं 2023 में छापेमारी करने गई टेहटा ओपी की पुलिस टीम पर हमला कर पुलिस के साथ मारपीट करने के आरोप में यह फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टेहटा ओपी की पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, वहीं पुलिस को गुप्त सूचना मिली के सुभाष पासवान उर्फ सुगा विसुनगंज ओपी क्षेत्र के लोहगढ़ गांव में पुलिस के डर से छिपा हुआ है। जिसके बाद टेहटा ओपी अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई जिसमें इसकी गिरफ्तारी की गई है। साथी ही ओपी अध्यक्ष ने बताया के जिले के बाकी थानों में इसके अपराधी के इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है।

### गुहाडीपर के समीप ट्रेन से कट छात्र की मौत

**जहानाबाद।** पटना गया रेल खंड के गुहाडीपर गांव के समीप ट्रेन से कटकर एक छात्र की मौत हो गयी। मृतक छात्र की पहचान अरवल जिले के करपी थाना अंतर्गत महमदपुर-मिल्की गांव निवासी योगेंद्र यादव के 21 वर्षीय छोटे पुत्र गौतम कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के भाई रंजन कुमार ने बताया कि वह शहर के एसएन सिन्हा कॉलेज के पास किराए के कमरा में रहकर कंपटीशन की तैयारी करता था। आज हम अपने गांव से आये तो उसके रूम में जाकर खाना खाये और अपने काम से बाहर निकल गए। बाद में हमे कॉल आया कि ट्रेन से गिरकर छोटे भाई की मौत हो गयी। घटना कैसे हुई इस बात की हमें कोई जानकारी नही है। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन करने में जुटी है।




### राजमिस्त्री की नहर में डूबने से मौत, दो दिन बाद मिला शव

**आरा।** जिले के आयर थाना क्षेत्र के स्थानीय आयर गांव स्थित नहर में डूबने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गयी। दो दिन बाद उनका शव गुरुवार की सुबह बरामद किया गया। मृतक आयर गांव निवासी स्व. रामाधीर चौधरी के 55 वर्षीय पुत्र रामराज चौधरी थे। उनके बेटे अरुण कुमार ने बताया कि वह मंगलवार की शाम घर से निकले थे। देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटे, तो काफी खोजबीन की गयी। उसके बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया था। बुधवार की सुबह उसने अपने सभी गुरुवार की सुबह वह शौच करने नहर की ओर गया था। वहां उसने नहर में अपने पिता का कुर्ता और लूंगी देखा। उस आधार पर उसने खोजबीन शुरू की, तो देखा कि उसके पिता नहर में जलकुंभी के नीचे दबे थे। उसके बाद ग्रामीणों की मदद उन्हें बाहर निकाला गया। गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि राजमिस्त्री दो भाई और एक बहन में छोटे थे। उनके परिवार में तीन पुत्री और तीन पुत्र हैं। उनकी पत्नी किरण देवी की दस वर्ष पूर्व बीमारी के कारण मौत हो गई थी। हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

## इंस्टाग्राम पर पति द्वारा महिला दोस्त को फॉलो करने के बाद खुदकुशी कि चर्चा

# पति से नोंकझोंक के बाद पंखे से लटका मिला विवाहिता का शव

**केटी न्यूज/ आरा**

भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के पंडुरा गांव में बुधवार की रात एक महिला का शव पंखे की कुंडी से लटकता मिला। महिला द्वारा पति से नोंकझोंक के बाद खुदकुशी किये जाने की बात कही जा रही है। इधर, मायके वालों की ओर से हत्या की भी आशंका जताई जा रही है। हालांकि किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है। मृत महिला पंडुरा गांव निवासी रामकृष्ण हरी उर्फ लीलू की 23 वषीर्या पत्नी इंदू देवी थी। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

इंदू देवी के ममेरे भैंसुर देव किशोर सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम पति-पत्नी अपने कमरे में थे और आपस में हंसी-मजाक कर रहे थे। उसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई। उसके



■ ससुराल वाले बोले- हंसी-मजाक के दौरान बिगड़ी बात और लगा ली फांसी

बाद उसने कहा कि इंदू चाय बनाने की बात कह कर कमरे से चली गयी। काफी देर तक वह चाय बनाकर नहीं लायी। तब उसके परिजन देखने के लिए कमरे में गये। वहां देखा कि वह पंखे की कुंडी से लटकी है। उसके बाद स्थानीय थाने को सूचना को दी गयी। इधर, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उसके पति द्वारा इंस्टाग्राम पर स्कूल में साथ पढ़ने वाली एक लड़की को फॉलो किया गया था। उसे लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई थी। उसके बाद गुस्से में आकर इंदू देवी द्वारा अपने कमरे में जाकर पंखे की कुंडी से लटक कर आत्महत्या कर ली गयी। इधर, थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई थी। उसके बाद गुस्से में आकर उसने पंखे की कुंडी से लटक कर खुदकुशी कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

इधर, पवना थाना क्षेत्र के काकन डिहरा गांव निवासी अनीष उर्फ छोटू ने बताया कि उसकी बहन हिंदू देवी की शादी 2019 में संदेश थाना क्षेत्र के पंडुरा गांव निवासी संत प्रकाश उर्फ मुन्ना जी के बेटे रामकृष्ण उर्फ लीलू के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल वालों द्वारा पैसे और सोने की चेन की मांग की जा रही थी।

### जहानाबाद में जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या

जहानाबाद हुलासगंज थाना क्षेत्र के धवल विगहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक वृद्ध की हत्या कर दी गई है।मृतक व्यक्ति का नाम बाबूलाल चौधरी उम्र 70 वर्ष बताया जाता है। कई सालों से बाबूलाल चौधरी एवं गनौरी महतो सहित 10 कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर कई बार दोनों में कहा सुनी भी हुआ जनता दरबार में भी इस मुद्दे को लेकर बाबूलाल चौधरी द्वारा गुहार लगाया गया पुलिस द्वारा उन लोगों पर 107 के तहत करवाई किया गया, लेकिन इसके बाद भी गनौरी महतो बाबूलाल चौधरी के जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया कब्जा छुड़ाने के लिए बाबूलाल चौधरी कई बार प्रशासन से गुहार लगा चुके लेकिन कोई मदद प्रशासन द्वारा नहीं किया गया इसी बात से गनौरी चौधरी के परिवार भड़क गए और बाबूलाल चौधरी के घर में घुसकर ईंट पत्थर से मारकर हत्या कर दिया इस घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दी गई ।

### आर्मी में लेफ्टिनेंट बनेंगी ईशा राज

**जहानाबाद।** जिले में होनहार युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, परिणामों में भी यह बात एक बार फिर सही साबित हुई है। मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेज परीक्षा में जहानाबाद जिले के शांति नगर की रहने वाली ईशा ने सफलता हासिल कर जिले को गौरवान्वित होने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है! ईशा की इस अभूतपूर्व उपलब्धि से जहां उनके परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है, वही उनके जानने वाले लोग भी बहुत खुश है। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही ईशा ने अपनी इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय घर परिवार, माता पिता और गुरुजनो को दिया है। ईशा राज का चयन मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेज में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है,यह खबर सुनकर उनके परिजन खुशियों से झूम उठे है, और खूब मिठाईयाँ बटवाई । शांति नगर मोहल्ले के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार व माता विनिता कुमारी जो वर्तमान में उत्पाद विशेष अपर लोक अभियोजक जहानाबाद की पुत्री, ईशा राज का नीट का एग्जाम 2019 में हुआ, प्राप्त अंक के आधार पर एवं सीबीटी टेस्ट के बाद उनका साक्षात्कार हुआ।



### पढ़ाई ही नहीं खेल में भी है बच्चों का शानदार भविष्य : अणुशक्ति सिंह



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

खेल भवन जहानाबाद से बिहार विद्यालय खेल चयन प्रतियोगिता के लिए तलवारबाजी खेल की विद्यालय टीम को वरीय सम्हार्ता सह जिला खेल पदाधिकारी सुश्री सृष्टि प्रिया ने सभी खिलाड़ियों को खेल भवन से हरी झंडी दिखा कर पटना के लिए रवाना किया तथा सभी खिलाड़ियों का हौसला बुलंद करते हुए कहा की राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हों और जहानाबाद जिले का नाम रौशन करे। मेरी तरफ से आप सभी लोगो को हार्दिक शुभकामना। साथ में जहानाबाद तलवारबाजी संघ के सचिव सह निदेशक अन्नू शक्ति सिंह ने भी हार्दिक बधाई दी और कहा की तलवारबाजी में खिलाड़ी बहुत

■ राष्ट्रीय स्तर पर चयन हेतु तलवारबाजी टीम को खेल पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मेहनत कर इस प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे है मुझे उम्मीद है की खिलाड़ियों का राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में चयन होगा। और यह बच्चे जहानाबाद जिले का नाम रोशन करेंगे साथ में नितेश कुमार विद्यालय की ओर से मौजूद थे। सचिव अन्नू शक्ति जी ने कहा की बी.एल.सी.फाउंडेशन जहानाबाद के निदेशक नीरज कुमार खिलाड़ियों की सहायता के लिए अनुदान के रूप में सहयोग कर रहे हैं इनके द्वारा पहले भी सहयोग मिलता रहा है।

### विसर्जन के दौरान गंगा नदी में डूबने से रिटायर हवलदार के पुत्र की मौत

**आरा।** भोजपुर के सिन्हा ओपी क्षेत्र के महुली घाट पर गुरुवार की शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान गंगा नदी में डूबने से रिटायर हवलदार के बेटे की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत युवक धोबहां ओपी क्षेत्र के भदेया गांव निवासी बिजेश्वर सिंह उर्फ टुनटुन सिंह का 42 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार सिंह उर्फ भुअर सिंह था। वह पेशे से किसान बताया जा रहा है। उसके चाचा मनोज सिंह ने बताया कि उनके गांव में कई वर्षों से मूर्ति स्थापित कर दुर्गा पूजा की जाती है। बुधवार को उनके गांव का मान दिन है। उस कारण गांव के लोग गुरुवार को मूर्ति विसर्जन करने महुली घाट गए थे। मूर्ति विसर्जन करने के बाद सभी लोग गंगा में नहा रहा था। उनका भतीजा भी नहा रहा था। पानी अधिक गहरा होने के कारण उनका भतीजा उसमें डूब गया। उसे डूबता देख मौजूद गांव के अन्य लोगों द्वारा उसे तुरंत बाहर निकाला और इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। तबतक काफी देर हो चुकी थी।

### गढ़वा जाने के लिए घर से निकले एसबीओ की संदिग्ध स्थिति में मौत

■ बीच रास्ते से घर लौटे एसबीओ का बैग और मोबाइल आदि भी गायब

**केटी न्यूज/आरा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव में गुरुवार की दोपहर झारखंड बिजली कंपनी के एसबीओ की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। गढ़वा जाने के लिए बुधवार की सुबह घर से निकले एसबीओ गुरुवार की सुबह अचानक घर लौट आये। उसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया।

मृतक जमीरा गांव वार्ड नंबर 4 निवासी विजय सिंह का 25 वर्षीय पुत्र रोहित सिंह थे। वह झारखंड के गढ़वा चिनिया पावर सब स्टेशन में एसबीओ के पद पर कार्यरत थे। उनका मोबाइल और बैग सहित अन्य सामान भी गायब है। इधर, विजय सिंह ने बताया कि उनका पुत्र गढ़वा पावर सब स्टेशन में एसबीओ था। दुर्गा पूजा को लेकर दस दिन पूर्व घर आया था। दुर्गा पूजा के बाद वह



बुधवार की सुबह करीब 10 बजे गढ़वा जाने के लिए घर से निकला था। शाम तीन बजे तक उससे बात भी हुई थी। उसके बाद उसका मोबाइल बंद बताने लगा था। गुरुवार की सुबह अचानक वह पैदल घर आ पहुंचा। उसका बैग और मोबाइल भी नहीं था। घर आने के बाद वह उसने स्नान किया और सोने चला गया। दोपहर में उसकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई और मुंह से झाग निकलने लगा। उसकी हालत को बिगड़ता देख उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विजय सिंह की ओर से रास्ते में नशाखुरानी गिरोह द्वारा उसे नशीला पदार्थ खिला देने के कारण उसकी मौत होने की आशंका जताई है।




## मोदनगंज प्रखंड के मोदनगंज पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

# योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए फीडबैक दें लोग: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में गुरुवार को मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत मोदनगंज पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मोदनगंज पंचायत की मुखिया शैलेश पासवान के द्वारा जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय, अपर समाहर्ता सुधा गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों को पौधा देकर अभिवादन किया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभा को संबोधित करते हुए जन संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में



जानकारी दी गई एवं उपस्थित ग्रामीणों से पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु फीडबैक देने की अपील की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा लाभुकों से अपने अनुभवों को साझा करने का अनुरोध करते हुए, बताया कि उनके द्वारा दिए जाने वाले सुझावों और प्रतिक्रियाओं का दस्तावेजीकरण कर सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित किया जाना है। इस क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि यह जन संवाद कार्यक्रम एक पहल और प्रयास है कि पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मियों द्वारा आपसे समन्वय एवं निरंतर संवाद स्थापित किया जा सके।

### जीवन स्तर को सुधारें और व्यवसाय को आगे बढ़ाएं।

मोदनगंज में जन संवाद कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने 08 परिवारों जो शराब व्यवसाई में पूर्व में संलिप्त थे, उन्होंने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 1,78,200/- का जीविका द्वारा डम्मी चेक दिया गया, यह राशि लाभुकों के खाते में स्थानांतरित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने परिजनों से अपील किया कि इस राशि का सही से उपयोग करते हुए अपने जीवन स्तर को सुधारें और व्यवसाय को आगे बढ़ाएं।

जन संवाद बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा मुख्यमंत्री पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालक/ बालिका साईकिल योजना, पंचायत स्तर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। जन संवाद कार्यक्रम में कुशल युवा कार्यक्रम, शताब्दी क्रमकार योजना की जानकारी दी गई।

जन संवाद बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित योजनाएं का ग्रामीणों के साथ संवाद कर हर घर नल का जल योजना के संचालन एवं इसके अनुरक्षण पर परिचर्चा किया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया।



# सपा और बसपा ने निषाद समाज को हमेशा छलने का काम किया है: डॉ संजय निषाद

**केटी न्यूज/बलिया**

निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद गुरुवार को जनपद बलिया के दौरे पर रहे। श्री निषाद जी आज मुख्यतः दो कार्यक्रमो में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, पहले कार्यक्रम बैरिया में आयोजित मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम में शिरकत करने पहुँचे और बलिया शहर टाउन हॉल में निषाद पार्टी द्वारा आयोजित आयोजित संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण जनसंपर्क अभियान सभा मे कहा कि पूर्व की समाजवादी पार्टी और

### ❒ संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण जनसंपर्क अभियान आयोजित

बहुजन समाज पार्टी की सरकार ने मछुआ आरक्षण के मामले पर मछुआ समाज को गुमराह करने का काम किया है, उत्तर प्रदेश में जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार आती है तो मछुआ समाज की सभी उपजातियों को एससी से निकालकर पिछड़ी में डाल दिया जाता है और जब समाजवादी पार्टी की सरकार आती है तो पिछड़ी से निकालकर अनुसूचित में डाल दिया जाता है।





उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य की तर्ज पर शिल्पकार जाती नहीं जातियों का समूह है का सरकार द्वारा नोटिफिकेशन उत्तर प्रदेश राज्य में भी मझवार जाति नहीं जातियों का समूह है नोटिफिकेशन जारी किया जाना था किंतु पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार ने मछुआ समाज की सभी उपजातियां को पिछड़ी जाति में बताकरे अनुसूचित में डालने का काम किया, जिससे आरक्षण का मुद्दा और उलझ गया है।

निषाद जी ने बताया कि आजादी से पूर्व और आजादी के बाद भी साल 1931 1941 1951 1961 1971 1981 और 1991 तक उत्तर प्रदेश राज्य में मछुआ समाज की सभी उपजातियां की गिनती मझवार और तुरैहा में कराई जाती रही है, किंतु पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज के दोहन के लिए बिना संसद में संशोधन के बिना छुआ समाज की सभी उपजातियो को अनुसूचित से निकलकर पिछड़े में डाल दिया और पूर्व की सरकारों द्वारा इस मुद्दे पर केवल वोट बैंक को राजनीति की गई है।

निषाद जी ने बताया कि राज्य सरकार और माननीय मुख्यमंत्री जी ने फ्रफ्फे ररजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडियार को मछुआ आरक्षण के संबंध में पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई थी, फ्रफ्फे ने पत्र के उत्तर में कहा है कि उत्तर प्रदेश राज्य में केवट, मल्लाह, बिंद समेत 17 जातियां मछुआ समाज की उपजातियां है।

निषाद जी ने कहा की मछुआ समाज को कभी मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ नही मिला है, पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज को योजनाओ से वंचित रखा गया है। प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड(मत्स्य पालन क्षेत्र में), निषाद राज बोट योजना, मछुआ कल्याण कोष, प्रधानमंत्री मछुआ बीमा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।

---

## जनपद में आयोजित किया गया मेरी माटी, मेरा देश-मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन का वंदनोत्सव कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री अपनी प्राचीन सभ्यता को सहेजने वाले दूरदर्शी नेता : दयाशंकर मिश्र

### ♦ स्थानीय कलाकारों व शैक्षणिक संस्थानों और एनसीसी के छात्राओं ने दी कार्यक्रम की प्रस्तुति

**केटी न्यूज/बलिया**

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश-मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन के वंदनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन गंगा बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के 17 विकासखंडों और 12 नगरीय क्षेत्रों से, देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों की याद में, अमृत कलश में मिट्टी,चावल के अक्षत को भरकर जिला मुख्यालय पहुंचाया गया है। जनपद के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग दयाशंकर मिश्र 'दयालु जी' इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जनपद के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके की। इसके बाद स्थानीय कलाकारों और एनसीसी की छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसी क्रम में वीर सपूतों की याद में देशभक्ति से संबंधित ऑडियो क्लिप और आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों छात्र-छात्राओं और अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत यह कार्यक्रम 12 मार्च 2021 साबरमती आश्रम से वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए पीएम मोदी द्वारा शुरू किया गया था।

यह कार्यक्रम अपने आखिरी पड़ाव पर है। आज के कार्यक्रम में मिट्टी को नमन करना है और देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को वंदन करने का दिन है। हम केवल विकास की ही बात नहीं करते विरासत की भी बात करते हैं। उन्होंने बलिया की मिट्टी को धन्यवाद देते हुए मंगल पांडे और चित्तू पांडे का स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में उनके संघर्षों के लिए याद किया। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं है जो अपने देश को मां के नाम से संबोधित करता हो। हमारे यहां गाय,नदियां और वृक्षों की पूजा होती है। मैं ऐसे देश की मिट्टी को शत-शत नमन करता हूं। हमारे देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी प्राचीन सभ्यता को सहेजने वाले दूरदर्शी नेता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के लिए शहीद हुए बलिदानियों की याद में आयोजित किया गया है। अभी कुछ दिनों पहले ही शहीदों की याद में शीलाफलकम का निर्माण कराया गया था, जो शहीद हुए जवानों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

सांसद रवींद्र कुशवाहा ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों का भारत देश हमेशा ऋणी रहेगा, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपना प्राण न्योछावर कर दिया।





### हमारा देश भारत लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर : वीरेंद्र सिंह मस्त

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने अपने संबोधन ने कहा कि जो देश अपने श्रेष्ठजनों/बलिदानियों का सम्मान नहीं करते हैं वह अपने देश को ही नुकसान पहुंचाते हैं। भारत ही एकमात्र देश है जहां ऐसे लोगों को सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाता है और उनके कर्तव्यों को आत्मसात किया जाता है। उसी का परिणाम है कि हमारा देश भारत लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने देश के लिए कुबार्नी देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश -अमृत कलश यात्रा भारत की आधारशिला है इसके माध्यम से हमारा देश स्वदेशी, स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत का मुकाम हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि इस अमृत कलश के माध्यम से दिल्ली के इंडिया गेट पर अमृत वाटिका का निर्माण होगा, जिसमें जनपद के शहीदों की जन्मस्थलों से मिट्टी संग्रहित की गई है। उन्होंने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने का जिक्र किया और कहा कि भारत एक अलग तरीके का देश है। विकसित गांव के माध्यम से ही विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होगा।

---

## 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवक मतदाता सूची में दर्ज कराएं नाम : अपर जिलाधिकारी

**मऊ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 1 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों का विशेष संरक्षण संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिसके अनुसार समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित अवधि में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट के साथ पदाभिहित स्थानों पर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने हेतु कुल 6 विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गई है।मतदाता सूची में दर्ज किसी भी व्यक्ति का नाम गलत होने की स्थिति में सही कराने के लिए मतदाता फॉर्म-8 पर अपना रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लगाकर संशोधित किए जाने वाले प्रविष्टि से संबंधित साक्ष्य संलग्न कर जमा कर संशोधन करा सकते हैं।

---

# पंजीकरण एवं उपकर संग्रहण की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी नाराज



**केटी न्यूज/मऊ**

### ♦ जिलाधिकारी के अध्यक्षता में समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं श्रम विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब तक 204 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु प्रस्तावित तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु अभी तक कम आवेदन प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए, जिससे आवेदनों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि हो सके। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना की समीक्षा के दौरान 3067 नवीन आवेदन पत्रों का सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। समाज कल्याण विभाग के अन्य योजनाओं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार उत्पीड़न योजना, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना एवं किन्नर कल्याण बोर्ड के संबंध में भी समीक्षा कर जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए गए। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं एवं प्रस्तावो की समीक्षा के दौरान वर्ष 2018-19 में स्वीकृत हकीकत पुरा में सद्भाव मंडप के निर्माण में अभी तक उपभोग प्रमाण पत्र न भेजे जाने पर जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र भेजने के निर्देश दिए।

---

## मऊ में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 27 को

**मऊ।** जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि खेल जगत फाउन्डेशन, उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेजर ध्यान चन्द खेल स्पर्धा का आयोजन प्रदेश के समस्त 75 जिलों में किया जा रहा है। जनपद मऊ में 27 अक्टूबर, को विभिन्न खेलों के जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में किया जा रहा हैं उक्त प्रतियोगिता के अन्तर्गत हॉकी, खो-खो, कबड्डी, दौड़ 100मी0, 200 मी0, 400मी0, वालीबाल, योग आदि खेलों का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में जनपद में 19 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिका टीमें/ खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं।

---

# भावपूर्ण लीला देख नम हुईं दर्शकों की आंखें

**केटी न्यूज/मऊ**

चिरैयाकोट नगर की ऐतिहासिक रामलीला के सातवें दिन भरत मनावन,सूर्पणखा नककटी,सीता हरण,राम-सुग्रीव मित्रता एवं बालि वध की भावपूर्ण तथा रोमांचक लीला का मंचन किया गया। सर्वप्रथम भाई चारा कमेटी चिरैयाकोट के अध्यक्ष रमेशचंद्र मौर्य उर्फ भीम मौर्य ने प्रभु श्रीराम की आरती किया। उसके बाद भरत मनावन की लीला के मंचन के दौरान भरतलाल ननिहाल से आकर पूरे राजपरिवार के साथ बड़े भाई श्रीराम को अयोध्या वापस लौटने हेतु मनाने के लिए चित्रकूट जाते हैं।

वहां श्रीराम भरत को समझाते हैं कि मैं पिताजी की आज्ञा का पालन करने के पश्चात 14 वर्षों का वनवास काटकर ही वापस लौटूंगा। उसके बाद गुरु वशिष्ठ के कहने पर श्रीराम अपनी चरण पादुका भरत को देते हैं,जिसे वो अपने सिर पर रखकर वापस अयोध्या को लौटते हैं। जिसे देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं।



उसके बाद सूर्पणखा नककटी, खर-दूषण वध, सीता हरण, रामसुग्रीव मित्रता, बालि वध की मनोरम व रोमांचक लीला का मंचन किया गया। निर्देशन व संचालन एडवोकेट अशोक कुमार अश्क चिरैयाकोटी ने किया तथा प्रेमचंद मौर्य, प्रकाश पाण्डेय, प्रियांशु पाण्डेय, विशाल मद्धेशिया,दीपक पाण्डेय, गनेश मद्धेशिया, सोहनलाल टी एम, सुभाषचंद्र जायसवाल, संदीप वर्मा,आशुतोष पाण्डेय, सत्यनरायन चौरसिया, अखिलेश पाण्डेय, भूपेन्द्र मौर्य, मनोज मद्धेशिया,श्रीनिवास गुप्ता,समीर आदि लोगों ने अपने अभिनय से देर रात तक दर्शकों को खूब प्रभावित किया।

---

## बदमाशों ने सिर में गोली मारकर युवक को उतारा मौत के घाट

**बलिया।** दुबहर थाना क्षेत्र के शिवपुर दियर व्यासी नई बस्ती में बदमाशों ने सिर में गोली मारकर एक युवक की हत्याकर दी। हत्याकांड से इलाके में हड़कम्प मच गया है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। मामला जमीनी विवाद का बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। दुबहर थाना क्षेत्र के शिवपुर दियर व्यासी नई बस्ती निवासी यथार्थ विक्रम सिंह पुत्र गोलू सिंह (25) स्व. कामख्या नारायण सिंह और नागेश्वर सिंह के परिवार के बीच करीब छह माह से जमीन विवाद चल रहा था। मामला थाने से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंचा था, लेकिन इसका समाधान नहीं निकल सका। बुधवार की शाम करीब आठ बजे एक पक्ष ने गोलू के सिर में गोली मार दिया।

---

## आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**मऊ।** परदहां ब्लॉक क्षेत्र के खरगजेपुर गांव में आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता आलोक कुमार सिंह विधान सभा प्रभारी व जिला सचिव आम आदमी पार्टी ने किया ।जिसमें लोकसभा की राजनीति पर भी चर्चा हुई और एडवोकेट सर्वेश सिंह को विधान सभा अध्यक्ष व सत्यपाल पांडेय को विधान सभा उपाध्यक्ष तथा आसिफ अंसारी को खड्गजेपुर का बूथ अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर अधिवक्ता श्री दिनेश कुमार सिंह,रमेश कुमार सिंह,चंद्रभान सिंह,जिला उपाध्यक्ष (अअढ) जितेंद्र चौहान,खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष(अअढ) जितेंद्र जयसवाल, वरिष्ठ जिला सचिव अंकुर यादव, गंगा प्रसाद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

---

## जिला स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# धरती मां को हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प

**केटी न्यूज/मऊ**

जिला स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का भव्य आयोजन कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया गया। जिसके अंतर्गत अमृत कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मधुबन श्री रामविलास चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष नूपुर अग्रवाल, पूर्व भारतीय जनता पार्टी के विधायक विजय राजभर सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित किया। ज्ञातव्य है कि जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई थी। कार्यक्रम में धरती मां को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया गया।

जिसमें ग्रामीण स्तर पर 11 सितंबर से 30 सितंबर के बीच तथा ब्लाक स्तर पर 01 से 13 अक्टूबर के बीच कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत आज जनपद स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेरा माटी मेरा देश नाम से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जिसमें स्कूली बच्चों, आमजन एवं अधिकारियों द्वारा बढ़-चढ़कर सेल्फी ली गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा झांसी की रानी, शास्त्री नृत्य, लोक नृत्य एवं एकल नाटक सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें सोनी धापा इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय देइथान कोपागंज, आदिशक्ति पीजी कॉलेज एवं राजीव गांधी पी0जी0 कालेज परदहां के बच्चो द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



### वीडियो क्लिपिंग की प्रस्तुति भी की गई

एलईडी वीडियो के माध्यम से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम की वीडियो क्लिपिंग की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा पूरे देश में निकाली जा रही है इस कार्यक्रम का आयोजन जनपद के ग्रामीण स्तर पर किया गया जिसमें ग्राम वासियों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। उन्होंने कहा कि यह कलश यात्रा लखनऊ में 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



## खबरें फटाफट

### वेबसाइट पर दर्ज बच्चों का विवरण

**चंदौली।** बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबन्धकों व प्रधानाध्यापक जनपद में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत कुल 1599 अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों का कक्षा 01 व पूर्व प्राथमिक कक्षा में वर्ष 2023-24 में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया है। ऑनलाईन चयनित बच्चों से विद्यालयों में प्रवेश लिये बच्चों का विवरण वेबसाइट पर फीडिंग कराना अतिआवश्यक है। डाटा फीडिंग न होने की दशा में सम्बन्धित विद्यालय को फीस प्रतिपूर्ति की धनराशि प्रदान नहीं की जायेगी।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे आक्रोशित अधिवक्ता

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन सभा की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष चंद्रभानु सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान अधिवक्ता झन्मेजय सिंह द्वारा दिए गए पर प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि न्यायालय निर्माण के लिए चंदौली से दिल्ली तक की ऐतिहासिक पदयात्रा की सराहना की। कहा कि पदयात्रा जिला प्रशासन व राजनेताओं को आईना दिखाने वाला है। बावजूद इसके शासन-प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं हुआ। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया, बल्कि दिल्ली पहुंचे पदयात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करने की घटना पर नाराजगी जाहिर की गई। नेताओं द्वारा अधिवक्ताओं के आंदोलन को गलत करार करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की बात कही गई। इससे अधिवक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। इससे नाराज अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस कृत्य के विरोध में अधिवक्ता पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। कहा कि न्यायालय निर्माण के मुद्दे पर अधिवक्ता आगे भी मुखर रहेंगे।

### निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण/बाल गृह शिशु पटपरा पीडीडीयू नगर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की देख भाल स्वास्थ्य,भोजन सहित अन्य जरूरी चीजों को देखा।उक्त संस्था महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत गौतम बुद्ध सेवा समिति के माध्यम से संचालित है। निरीक्षण के समय कुल 17 बच्चे, जिसमें 05 बालक तथा 12 बालिकाएं संस्था में आवासित थे। कुल आवासित बच्चों में से 09 बच्चे विशेषीकृत आवश्यकता के थे। इस वित्तीय वर्ष में वर्तमान समय तक कुल 12 बच्चों को दत्तक ग्रहण आदेश निर्गत हुए हैं। निरीक्षण के समय संस्था द्वारा रजिस्टर का रख रखाव में थोड़ी कमी पाई गई। जिलाधिकारी के द्वारा संस्था में आवासित बच्चों से सम्बन्धित अभिलेखों का, दत्तक ग्रहण सम्बन्धित आदेश का, बच्चो के फॉलोअप का अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को अद्यतन किये जाने हेतु तथा विजिट रजिस्टर बनाने जिसपर निरीक्षण आख्या अंकित की जाय जिससे अगले निरीक्षण के समय देखा जा सके की जो कमियां पाई गई थीं ,उनको दूर किया गया या नही के निर्देश दिए। बाल शिशु गृह में कुल 13 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। संस्था के ग्रामीण क्षेत्र में होने के कारण विद्युत की कटौती होती है, जिसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपयोगिता के अनुसार जनरेटर या सोलर पैनल का प्रस्ताव के साथ प्रत्येक माह उप जिलाधिकारी पीडीडीडीयू नगर चन्दौली तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी को संयुक्त रूप से निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।
निरीक्षण के दौरान

# अच्छी खबर... डिजीलॉकर पर फैमिली आईडी को एक्सेस कर सकेंगे उत्तर प्रदेश के लोग

■ लाभार्थियों को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए योगी सरकार की एक और पहल

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर फोकस कर रही है। इसी के तहत सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडीः एक परिवार एक पहचान को डिजिलॉकर पर लाइव कर दिया है। इसका मतलब ये कि अब प्रदेश के नागरिक डिजिलॉकर पर भी अपनी फैमिली आईडी को एक्सेस कर सकेंगे। प्रदेश में वो सभी लोग जिनका फैमिली आईडी के लिए रजिस्ट्रेशन हो चुका है, वो डेस्कटॉप या मोबाइल फोन के जरिए डिजिलॉकर पर जाकर अपनी फैमिली आईडी को एक्सेस कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि फैमिली आईडी का उद्देश्य अप्रयुक्त योजनाओं में पात्र लाभार्थियों की पहचान के माध्यम से योजनाओं का बेहतर कवरेज देना, डुप्लीकेट और फर्जी लाभार्थियों को हटाना और प्रमाण के बोझ को कम करके नागरिकों के लिए योजनाओं में आवेदन का सरलीकरण करना है।

**लाभार्थी और उसके परिवार का पूरा डाटा होगा उपलब्ध**

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष फैमिली आईडी को लेकर हुए प्रस्तुतिकरण में डिजिलॉकर पर फैमिली आईडी को लाइव किए जाने की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया कि प्रदेश के नागरिकों की सुविधा के लिए डिजीलॉकर पर फैमिली आईडी डिजिटल कार्ड उपलब्ध कराया गया है। इस कार्ड में लाभार्थी और उसके परिवार का पूरा डाटा उपलब्ध होगा।

### क्या है डिजिलॉकर?

डिजिलॉकर डिजिटल इंडिया की एक पहल है, जिसमें हम अपने जरूरी दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी को संभाल कर रख सकते हैं। डिजिलॉकर में आपके दस्तावेज लिंक के रूप में दिखते हैं। अगर आप किसी योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो दस्तावेजों की हार्ड कॉपी के बजाए आप वहां एक लिंक दे सकते हैं, जिससे आपके दस्तावेज की जांच आसानी से हो जाएगी। जो आवेदक आधार से जुड़ा होगा, उसे 10 एमबी का व्यक्तिगत स्टोरेज स्पेस मिलता है जिसमें दस्तावेजों को यूआरएल लिंक के रूप में सुरक्षित रखा जाता है।

### समेकित डेटाबेस के रूप में कार्य करेगा फैमिली आईडी

फैमिली आईडी प्रोएक्टिव स्कीम डिलीवरी को अनलॉक करने के लिए एक समेकित डेटाबेस के रूप में कार्य करेगा। इसके अंतर्गत एजुकेशन और स्किलिंग के तहत बेसिक एंड सेकेंडरी, हायर एंड टेक्निकल और स्किलिंग व वोकेशनल योजनाओं का लाभ लिया जा सकेगा। इसी तरह सोशल वेलफेयर एंड इमपॉवरमेंट के तहत एग्रीकल्चर एवं राशन, पेंशन व स्कॉलरशिप और मेडिकल हेल्थ से जुड़ी योजनाओं में इसका इस्तेमाल हो सकेगा। इंप्लॉयमेंट एंड माइक्रोफाइनेंस के तहत इंप्लॉयमेंट अपॉर्च्युनिटीज, क्रेडिट लिंकेज और सोशल सिक्योरिटी में भी ये मददगार होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4.8 करोड़ लाभार्थियों को 13 विभागों की ओर से 42 योजनाओं और सेवाओं में फैमिली आईडी डेटाबेस में मैप किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने बागपत में गोरक्षनाथ आश्रम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का किया शुभारंभ

# उत्साह और उमंग की परंपरा हैं भारत के पर्व-त्योहार : योगी आदित्यनाथ

■ बोले मुख्यमंत्री- ज्ञान यज्ञ है श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा

**केटी न्यूज, बागपत**




भारत के पर्व और त्योहार उत्साह और उमंग की परंपरा के वाहक हैं, इसमें शोक और दुःख के लिए कोई जगह नहीं है। हमने सदैव सकारात्मक सोच के साथ भारत की परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। ये पर्व और त्योहार भारत की ऋषि परंपरा की साधना और सिद्धि का परिणाम हैं। अच्छा सोचो, अच्छा करो तो परिणाम अच्छा ही आएगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बागपत के नांगल गांव स्थित श्री गुरू गोरक्षनाथ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के शुभारंभ के अवसर पर कही। इससे पहले उन्होंने आश्रम में स्थित गुरु गोरखनाथ के मंदिर और नवदुर्गा मंदिर में दर्शन-पूजन किया। साथ ही परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। इसके अलावा उन्होंने भव्य सत्संग भवन का भी लोकार्पण किया।

**एक योगी जंगल में भी मंगल कर सकता है:** मुख्यमंत्री ने आश्रम के महंत योगी अर्जुननाथ जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने यहां देश के विभिन्न हिस्सों से संतों, योगेश्वरों और श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। कथा को लेकर लोगों में उत्साह सराहनीय है। एक योगी जंगल में भी मंगल कर सकता है। महंत योगी अर्जुननाथ ने यहां बड़े सभागार और सरोवर का निर्माण कराया है। अब इनके संरक्षण के लिए स्थानीय जनमानस को आगे आना होगा। धार्मिक स्थलों के संरक्षण से नई ऊर्जा मिलती है। यहां विभिन्न धार्मिक आयोजनों से जुड़ने का आप सभी को अवसर मिलेगा। इससे समाज में सकारात्मकता बढ़ेगी। खुशहाली आएगी और अव्यवस्था समाप्त होगी। यही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने श्रीमद्भागवत पुराण की कथा वाचिका व्यासपीठ पर विराजमान नीरज शर्मा की प्रशंसा करते हुए वेदों का उदाहरण भी दिया, जिसकी तमाम ऋचाएं विदुषियों द्वारा रची गई हैं। इसके लिए सीएम योगी ने नारी शक्ति का वंदन अभिनंदन किया। इस अवसर पर सांसद सत्यपाल सिंह, प्रदेश सरकार में मंत्री केपी मलिक, नाथ संप्रदाय के प्रमुख संतों में मुख्य रूप से महंत कृष्णनाथ जी, समुद्रनाथ जी, महंत शेरनाथ जी महाराज, कार्यक्रम के आयोजक महाराज अर्जुननाथ के अलावा देशभर से पधारे नाथ संप्रदाय और संतजन उपस्थित रहे।

### बागपत की धरती का है महत्व महाभारत कालीन

ज्ञान यज्ञ है श्रीमद्भागवत महापुराण अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बागपत की धरती का महत्व महाभारत कालीन है। श्रीकृष्ण ने जिन पांच ग्रामों को दुर्योधन से मांगा था, उसमें बागपत की धरती भी शामिल है। सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में प्रदेश में विजयदशमी का पर्व संपन्न हुआ है। ये सत्य, धर्म और न्याय की विजय का पर्व है। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ पर कहा कि ये महापुराण असल में 'ज्ञान यज्ञ' है। ये मोक्ष और मुक्ति से जुड़ा हुआ है। हम सब मुक्ति के लिए विभिन्न धाम और तीर्थों में जाकर कामना करते हैं। हम दान और यज्ञ भी मुक्ति की कामना से करते हैं। मुक्ति या मोक्ष का अर्थ है, जिस संकल्प के साथ हम बढ़े हैं उसमें पारंगत हो जाएं। मुक्ति का अर्थ अलग अलग हो सकता है। संन्यासी के लिए ये जन्म मरण के बंधन से छूटना है तो गृहस्थ के लिए उसके सत्कर्मों का सुफल मिलना है।

## एक नजर

### मेरा माटी मेरा देश के अमृत कलश का कारवां जनपद के लिए हुआ रवाना, दिखाई हरी झंडी



**गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक सभागार में शासन के निर्देश पर मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश योजना के तहत 90 ग्राम पंचायत से आई कलश मिट्टी को ब्लॉक के कलश में भरकर जनपद के लिए रवाना किया गया। इसको लेकर पूजन -अर्चन करने के बाद 90 ग्राम पंचायत के प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक तहसीलदार ध्रुवेश सिंह, खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने पूजन -दर्शन के बाद हरी झंडी दिखाकर कलश का जुलूस निकाला गया। जिसमें बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा जखनियां ब्लॉक होते हुए तहसील, कोतवाली होते हुए ग्राम सचिवालय अलीपुर मदरा से जनपद के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर तहसीलदार ध्रुवेश सिंह ने कहा कि सरकार की योजना काफी सराहनीय है।हर गांव की मिट्टी देश के लिए मिल का पत्थर साबित होगा तथा अपने मिट्टी की पहचान महक कोसों दूर तक जाएगी। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजकमल गौरव, अजीत सिंह, झुन्ना सिंह, सिकानू राम, हरकेश यादव, राम लखन यादव, कमलेश चौहान, अभय सिंह, नंदलाल गुप्ता, उमाशंकर यादव, गुड्डु राजभर, अखिलेश तिवारी, परशुराम मौर्य,बाला यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ऑल इंडिया एमसीए ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग की

**चंदौली।** ऑल इंडिया एमसीए उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद शाखा की बृहस्पतिवार को बैठक हुई। इसमें ईमानदारी के प्रति सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। अंत में प्रधानमंत्री को रजिस्टर डाक के माध्यम से प्रेषित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सन 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दरमियान अपनी पढ़ाई छोड़कर देश की आजादी के लिए अपना संपूर्ण जीवन निछावर करने वाले महानायक कपूर्री ठाकुर जीवन पर्यंत गरीबों,महिलाओं व समाज के लिए बराबर लड़ाई लड़ते रहे। उनके उनके ऊपर हो रहे अन्य जुल्म और जागृति के खिलाफ बराबर सदन से लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाने का काम करते रहे।अनेकों बार आजादी के पहले और आजादी के बाद जेल गए। मुख्यमंत्री रहते हुए कपूर्री ठाकुर का घर पक्का नहीं रहा। अपने लड़के को अपने जीते जी राजनीति में नहीं ली। सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत कार्यों में नहीं करते थे।यह उनकी राजनीतिक सुचिता और ईमानदारी का प्रमाण है। यदि पिछले गरीब समाज मैं पैदा होने के बाद भी राजनीति की उच्च शिखर को प्राप्त किया। इस दौरान इंद्रजीत शर्मा, महेंद्र प्रसाद यादव,घनश्याम शर्मा एडवोकेट, समीम मिल्की,मुनक्का शर्मा, राकेश शर्मा, दशरथ प्रसाद, प्रेम प्रकाश शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा,राम भोला शर्मा, बृजेश शर्मा उपस्थिति थे।

### जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काट कर किया शुभारंभ



**चंदौली।** प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बृहस्पतिवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तीन ओर से कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का लगाई गई जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने फीता काटकर किया गया। इस दौरन उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान अधिकारी एवं अन्य महत्वपूर्ण लोगो के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। उन्होंने ने कहा कि सरकार द्वारा आम जनमानस के लिए जो भी कार्य किए जा रहे हैं। उन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शनी में बहुत ही अच्छे ढंग से दशार्या गया है। प्रदर्शनी आम जनमानस के लिए बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों एवं आम जनमानस से प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य किए जाने की अपील की। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शनी में भ्रमण कर केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं, मुफ्त वैक्सीनेशन, मिशन रोजगार के तहत युवाओं को नौकरी, एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, मिशन रोजगार, मिशन शक्ति, ओडीओपी आदि के चित्रों का अवलोकन किया।

### काशी विश्वविद्यालय में 21 से 26 नवंबर तक होगा ऐतिहासिक महानाट्य समारोह

**गाजीपुर।** देश की सांस्कृतिक राजधानी काशी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय में 21 से 26 नवंबर तक विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक, महानाट्य समारोह जाणता राजा' का मंचन होगा। 6 दिनों तक चलने वाले उपरोक्त महानाट्य समारोह का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्प 'सेवा भारती' द्वारा किया जा रहा है। इस के योजना के संदर्भ में आरएसएस की कार्यक्रम हेतु बनी संचालन समिति की बैठक सैदपुर नगर स्थित शिशु मंदिर में सम्पन्न हुई। जाणता राजा महानाट्य समारोह 350 वर्ष पूर्व हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति वीर शिवाजी महाराज के शौर्य, त्याग और पराक्रम की गौरव गाथा को जीवंतता से प्रस्तुत करता है। अब तक विश्व भर में इसको लगभग 1200 बार मंचित किया जा चुका है। काशी में इस नाट्य समारोह के महामंचन के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सबसे बडे ग्राउंड एमपी थियेटर चिन्हित किया गया है।

## यूपी-बिहार में पहलवानों का सम्मान नहीं: ददन पहलवान

**केटी न्यूज/चंदौली**



कमालपुर कस्बा स्थित इमाम बाड़ा के पास स्थित विराट दंगल का आयोजन किया गया। अखाड़े का सबसे बड़ा 70 हजार का दांव चकिया के शमशेर और सुनील जौनपुर के बीच बराबरी पर छूटा। बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व डुमरांव विधायक दद्दन पहलवान शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आज उत्तर प्रदेश एव बिहार में पहलवानों को कोई सम्मान नही मिलने से पहलवानों का मनोबल टूट रहा है ,वहीं अन्य प्रान्त महाराष्ट्र और हरियाणा में काफी सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कोई पहलवान महाराष्ट्र केशरी होता है तो उस पहलवान को सरकार 2 करोड़ रुपये देती है। तीन बार केशरी होने पर एएसपी की नौकरी व 20 करोड़ की सहायता देती है। इसी प्रकार हरियाणा व पंजाब दिल्ली में भी पहलवानों को सरकार द्वारा भरपूर सहयोग मिल रहा,जबकि उत्तर प्रदेश व बिहार में पहलवान उपेक्षित हैं। कुश्ती को आगे बढाने के लिए बिहार व उत्तर प्रदेश की सरकार भी पहलवानों को सम्मान करें। जिससे पहलवान अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इसके अलावा दंगल स्थल पर स्व पहलवान रामसुधार यादव उर्फ चैंपियन यादव की आदम कद प्रतिमा लगवाने का आश्वासन दिया।

## फाइनल मुकाबले में पखनपुरा ने सोनपा को 3-0 से शिकस्त देकर जीता खिताब

■ 58वीं अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




रेवतीपुर गांव स्थित नेहरू विद्यापीठ इंटर कालेज के खेल मैदान में बीते मंगलवार की शाम नवयुवक संघ के तत्वावधान में 58वीं अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हो गया। खेले गए इस फाइनल मुकाबले में पखनपुरा ने सोनपा ( बिहार) को 3 - 0 से शिकस्त दी। इस प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया। मुकाबले में मैन आफ दी मैच व मैन आफ दी सीरीज पखनपुरा के ही क्रमशः हिमांशू राय एवं मुहम्मद सलाद को मिला। मुख्य अतिथि रांची के जिला जज अनिल पांडेय व विशिष्ट अतिथि प्रदेश के आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इस प्रतिष्ठापरक मुकाबले की शुरूआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कलात्मक खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों में रोमांच पैदा कर दिया। इसी दौरान मध्यान्तर से पहले पखनपुरा के खिलाड़ियों ने लगातार दो गोल कर टीम को 2- 0 की शुरूआती व मजबूत बढ़त दिला दी। उधर मैच में पिछड़ रही सोनपा की टीम के खिलाड़ियों ने लगातार कई पलटवार किए। मगर विपक्षी टीम की मजबूत बढ़त के चलते उनका हर प्रयास विफल साबित हुआ।मध्यान्तर तक पखनपुरा ने अपनी बढ़त को कायम रखा। इसके उपरांत शुरू हुए मुकाबले में भी पखनपुरा के खिलाड़ियों ने काफी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इसी बीच मैच समाप्ति से ठीक पहले पखनपुरा की टीम ने एक और गोल कर अपनी बढ़त 3-0 करने के साथ ही मैच समाप्त होने तक बढ़त को कायम रखते हुए यह प्रतिष्ठापक मुकाबला जीत लिया। मुख्य अतिथि रांची के जिला जज अनिल पांडेय ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन पर उन्हें धन्यवाद दिया।

### 60वीं अंतरप्रांतीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

# अखाड़े में उतरे पहलवानों ने दिखाया दमखम

■ सबसे बड़ी 65000 का इनामी कुश्ती वाराणसी के यशवंत गिरी व आगरा के हरेन्द्र के बीच बराबरी पर रही

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



रेवतीपुर गांव में बीते शाम को पहलवान रामनगीना राय एवं राजनारायण राय की स्मृति में 60वीं अंतरप्रांतीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के एलजी पुत्र अभिनव सिन्हा एवं ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने पहलवानों का हाथ मिला एवं फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता में करीब पांच दर्जन से अधिक पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया ।प्रतियोगिता की सबसे बड़ी 65 हजार का इनामी कुश्ती वाराणसी के यशवंत गिरी व आगरा के हरेन्द्र के बीच बराबरी पर रही । इस पूरे प्रतियोगिता में सरवां ( मऊ ) के पहलवानों का दबदबा कायम रहा।इस दौरान सरवां के चंद्रहास ने अंधऊ के सरफराज को चंद मिनटो में आसमान दिखाया,सरवां के ही शत्रुधन ने अंधऊ के सचिन,सरवां के विशाल ने मथुरा के श्याम ,सरवां के सत्यपाल ने कानपुर के मंटू,जबकि गोरखपुर के सतीश ने अंधऊ के वीरेन्द्र जबकि निजामपुर के अजीत ने रेवतीपुर के रिशु एवं जमानियां के रामब्रत ने हंसराजपुर के सुनील को? पटखनी दी।इसी तरह अंधऊ के गोलू व सरवां के चंद्र केश, अंधऊ के ही शहबून व डी एल डब्लू के रितुराम,हंसराजपुर के गोविंद व अंधऊ के पवन एवं मऊ के दीपक व वाराणसी के अजीत के बीच कुश्ती बराबरी पर छुटी। इस दौरान बोलते हुए एलजी पुत्र अभिनव सिन्हा ने कहा कि जिस तरह से विलुप्त हो रही प्राचीन कला को जीवंत बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है वह सराहनीय है,कहा कि कुश्ती दंगल पुरानी परम्परा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है ।

उधर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने कहा कि कुश्ती एक कला है। पहलवानों से आह्वान किया कि इसे व्यवसाय का रूप न दें। इससे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में मदद मिलती है। इस अवसर पर पीयूष राय, विवेक, बबुआ राय,

विनोद गुप्ता, झलन राय, विवेक ,ओमप्रकाश राय , धारा प्रसाद यादव, शिवम पांडेय, प्रदीप राय, गोलू राय , रामू, नागा पहलवान, विकास पहलवान, निर्णायक की भूमिका में कन्हैया यादव और विजय पहलवान, जबकि कमेंटेटर की भूमिका पवन सिंह एवं हरेंद्र ने निभाई।

### आजम खान को प्रताड़ित कर रही सरकार: खान

**पीडीडीयू नगर।** ऑल इंडिया मजलिस ए एत्तेहादुन मुस्लेमीन की तारापुर स्तिथ कार्यालय में हुई बैठक में संगठन पर मजबूती और आने वाले लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई। कार्यकताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आवाहन किया गया । एआईएमआईएम नेता सोहेल खान ने कहा कि जनाब आजम खां साहेब भले ही सपा के नेता हैं मगर सामाजिक और राजनीतिक रूप से उनके महत्व की अनदेखी की जा रही है उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम किया है। भाजपा की प्रदेश सरकार उनके विरुद्ध द्वेषवश, बदले की भावना से मुकदमे दर्ज करा रही है। एआइएमआइएम आजम खान के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। एआईएमआईएम ही मुस्लिमों का घर है । उनके लिए पार्टी हमेशा से संघर्ष करती आ रही है । मुसलमानों के पास एआइएमआइएम से बेहतर कोई विकल्प ही नहीं हो सकता ।